BSES

कड़ाके की ठंड में बीएसईएस का कपड़ा वितरण अभियान

गरीबों के बीच बांटे 3000 कंबल व गर्म कपड़े

- सांसद श्री जेपी अग्रवाल थे बीआरपीएल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

नई दिल्लीः 14 जनवरी, 2011। कड़ाके की ठंड में आज बीएसईएस ने गरीबों के बीच 3000 कंबल व गर्म कपड़े बांटे। प्रोजेक्ट अर्पण के तहत, बीएसईएस कंपनियों ने ठंड के इस मौसम में समाज के निचले तबके के लोगों को थोड़ी राहत देने की कोशिश की। वितरित किए गए कपड़ों में नए कपड़े व कंबल तो थे ही, साथ ही बीएसईएस कर्मियों द्वारा डानेट किए कपड़े भी शामिल थे।

ऊनी कपड़ा वितरण के लिए बीएसईएस कंपनियों ने स्वयंसेवी संस्थाओं से हाथ मिलाया। बीआरपीएल ने गरीबों व जरूरतमंद लोगों के लिए काम करने वाली संस्था ***ग्रामीण उत्थान भारत निर्माण*** का सहयोग लिया, वहीं बीवाईपीएल ने नाइट शेल्टर्स चलाने वाली संस्था ***आश्रय अधिकार अभियान*** की सहायता ली।

दिल्ली कैंट के निकट क्रांति चौक चर आयोजित बीआरपीएल के कपड़ा वितरण समारोह में सांसद श्री जेपी अग्रवाल, बीआरपीएल सीईओ श्री गोपाल सक्सेना, और ग्रामीण उत्थान भारत निर्माण के अधिकारियों ने गरीबों के बीच कंबल व गर्म कपड़े बांटे। जबकि, बीवाईपीएल ने आश्रय अधिकार निर्माण के अधिकारियों के साथ मिलकर पुरानी दिल्ली में, बेघर लोगों व बच्चों के बीच गर्म कपड़े व कंबल वितरित किए।

बीआरपीएल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, सांसद श्री जेपी अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के प्रसास छोटे जरूर हैं, लेकिन इनका महत्व काफी है और जरूरतमंदों की मदद के लिए ऐसे प्रयास काफी मायने रखते हैं। यह देखना उत्साहवर्धक है कि समाज की मदद के लिए निजी संस्थाएं अब आगे आ रही हैं।

बीआरपीएल के सीईओ श्री गोपाल सक्सेना ने कहा, हमारे कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी के तहत यह एक महत्वपूर्ण पहल है और समय–समय पर इसका आयोजन होता रहता है। हमारा मानना है कि बिजनेस में समाज की एक अभिन्न भागीदारी है और एक का हित, दूसरे के हित से पूरी तरह अलग नहीं है।

बीएसईएस के मुताबिक, इस बात का पूरा ध्यान रखा गया कि हर परिवार को कम से कम एक कपड़ा या कंबल जरूर मिले। प्रवक्ता ने कहा कि प्रोजेक्ट अर्पण 2008 में शुरू किया गया था। बीएसईएस अपने कर्मचारियों से हर साल यह अपील करती है कि वे कम किस्मतवाले लोगों के लिए अपने कपड़े डोनेट करें। हर बार की तरह इस साल भी, बीएसईएस कर्मचारियों ने कंपनी की इस पहल पर जबरदस्त उत्साह दिखाई और बड़ी संख्या में कपड़े डोनेट किए।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: प्रशान्त दुआ
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999870 / 9312007822

चंद्र पी कामत
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999415 / 9350130304